दिन– शनिवार दिनांक– 14 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने संविधान की मूल भावना के अनुरूप राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने का प्रयास किया है।

02. श्री मोदी ने कांग्रेस के गांधी परिवार पर अपनी सुविधा के अनुसार संविधान में संशोधन का आरोप लगाया। कहा– कांग्रेस ने छह दशक में पचहत्तर बार संविधान में संशोधन करवाया।

03. आरबीआई ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार रूपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का फैसला किया।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। कैमूर और रोहतास जिले में बनी है शीतलहर की स्थिति।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने संविधान की मूल भावना के अनुरूप राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने का प्रयास किया है। श्री मोदी आज लोकसभा में भारतीय संविधान की पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा का जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद–तीन सौ सत्तर भारत की एकता के लिए बड़ा खतरा बना हुआ था, जिसे उनकी सरकार ने हटा दिया।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के एक परिवार पर संविधान को बार–बार चोट पहुंचाने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश पर इमरजेंसी थोप दी।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संविधान में छेड़–छाड़ की जो परंपरा शुरू की, उसे इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने छह दशक में पचहत्तर बार संविधान संशोधन किया।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार संविधान की भावनाओं के अनुरूप समान नागरिक संहिता लाने के लिए काम कर रही है।

———बाईट———

श्री मोदी ने संविधान की पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए कहा कि हमारे संविधान में देश की लोकतांत्रिक परंपरा और विरासत प्रतिबिंबित होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने का अवसर देशवाासियों के लिए उत्सव का क्षण है।

चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में आज एक वैचारिक संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर संविधान की मूलभावना के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

———————————————————————————

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को सोमवार को लोकसभा में पेश किये जाने का कार्यक्रम है। केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक और केन्द्रशासित क्षेत्र संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेंगे। हाल ही में सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव करवाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव पर विचार के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशें स्वीकर की थी।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि एक देश, एक चुनाव की व्यवस्था भारत के संघीय ढ़ांचे को मजबूत करेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि विपक्ष को इस व्यवस्था के सकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरेक फैसले पर आपत्ति होती है, जो उनकी मानसिकता को दर्शाता है।

———बाईट———

इधर, श्री पासवान ने आज औरंगाबाद जिले के अंबा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से बिहार को विकसित बनाना उनकी पार्टी का लक्ष्य है।

———————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार रूपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अगले वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगा। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

रिजर्व बैंक के इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इसे यह सुनिश्चित होगा कि किसानों के पास परिचालन और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन है यह कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए ऋण की पहुंच को बढ़ावा देगा। इस पहल से किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की मांग भी बढ़ेगी जिससे किसान कृषि कार्यों में निवेश और अपनी आजीविका में सुधार कर सकेंगे। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। उसके बाद तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। सुबह के समय अधिकतर भागों में हल्के स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

राज्य के नए पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने अपना पदभार संभाल लिया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सुशासन स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।

———बाईट———

———————————————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह के खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करवाई गयी है। बीपीएससी परीक्षा के दौरान कल हुए हंगामे के बीच जिलाधिकारी ने प्रदर्शन कर रहे एक छात्र को थप्पड़ मार दिया था। इस घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बज्रेश सिंह ने आयोग में शिकायत दर्ज कराई है।

———————————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज पटना के अगमकुआं स्थित फूड एंड ड्रग लैबोरेटरी में माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला और उच्चस्तरीय उपकरण अनुभाग का उद्‌घाटन किया। श्री पांडेय ने कहा कि अत्याधुनिक प्रयोगशाल की शुरूआत होने से खाद्य और औषधि परीक्षण में तेजी आएगी।

———बाईट———

———————————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामले निपटाए गए। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निष्पादन किया गया।

———————————————————————————————————

भागलपुर– जमालपुर रेलखंड के बीच पिपरा हॉल्ट के पास एक मालगाड़ी का कपलिंग टूट गया। कपलिंग टूटने से मालगाड़ी दो भागों में बंट गयी। इंजन के साथ दस डिब्बे आगे बढ़ गए, जबकि बीस डिब्बे पीछे रहे गए। इस हादसे के कारण इस रेलखंड पर एक घंटे तक रेल परिचालन बाधित रहा।

———————————————————————————————————

बेगूसराय के जिला शिक्षा पदाधिकारी राजदेव राम ने बीपीएससी द्वारा चयनित पांच शिक्षकों की योग्यता पूर्ण नहीं होने के कारण सेवा समाप्त करने का आदेश दिया है।

---

रोहतास जिले के नासरीगंज–दाउदनगर मुख्य पथ पर बरडीहा पुल के पास पिछले दिनों पच्चीस टन मसूर की दाल लदी एक ट्रक से हुई लूट के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक और उपचालक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लूटे गए सामान भी बरामद कर लिए गए हैं।

---

गया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में दो महिला भी शामिल हैं। वहीं, जिले के जोकीहाट और सदर थाना क्षेत्र में एएलटीएफ और पुलिस की टीम ने कई शराब भट्ठियों को नष्ट कर दिया।

---

कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने संविधान की मूल भावना के अनुरूप राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने का प्रयास किया है।

02. श्री मोदी ने कांग्रेस के गांधी परिवार पर अपनी सुविधा के अनुसार संविधान में संशोधन का आरोप लगाया। कहा– कांग्रेस ने छह दशक में पचहत्तर बार संविधान में संशोधन करवाया।

03. आरबीआई ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार रूपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का फैसला किया।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। कैमूर और रोहतास जिले में बनी है शीतलहर की स्थिति।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।